# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 28.11.24 | 4 | 1-4 |

# अंतरराष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक माहौल से विद्यार्थी हो रहे लाभान्वित : प्रो. कांबोज

## एचएयू के कृषि महाविद्यालय में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में होनहारों को किया सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी



हिसार में कुलपति प्रो. बीआर कांबोज विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। स्रोत : संस्थान

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बीएससी, एमएससी, एग्रीबिजनेस और पीएचडी परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने पुरस्कार वितरित किए।

कुलपति प्रो. कांबोज ने कहा की एचएयू के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करके अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने यूपीएससी, एआरएस, एचसीएस, एचपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करके उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है।

एचएयू के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ समझौते होने के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर का शैक्षणिक माहौल है जिससे विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं व कॅरिअर में नित नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। विद्यार्थियों ने अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम किया जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। यहां के विद्यार्थी देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी प्रदेश एवं देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इसका श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विश्वविद्यालय के शैक्षणिक माहौल को जाता है।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में बीएससी एग्रीकल्चर (चार वर्ष) के 101 छात्र, बीएससी एग्रीकल्चर (6 वर्ष) 65 विद्यार्थी, बीएससी एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट के 9 विद्यार्थी, स्नातकोत्तर तथा पीएचडी के 572 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, कंप्यूटर सेक्शन, परीक्षा हॉल, सेमिनार हॉल आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं।

स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच का संचालन डॉ. रीना चौहान व डॉ. शुभम ने किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक व विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 28.11.24 | 5 | 1-4 |

# हकृवि में अंतरराष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक माहौल से विद्यार्थी हो रहे लाभान्वित : प्रो. बी.आर. काम्बोज

हिसार, 27 नवम्बर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएससी, एमएससी, एग्रीबिजनेस तथा पीएचडी परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने पुरस्कार वितरित किए। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा की हकृवि के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ पढ़ाई करके अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने यूपीएससी, एआरएस, एचसीएस, एचपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करके उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। यहां के विद्यार्थी देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी प्रदेश एवं देश का नाम




कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

रोशन कर रहे हैं। इसका श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक माहौल को जाता है। हकृवि के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ समझौते होने के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर का शैक्षणिक माहौल है जिससे विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं व करियर में नित नई ऊंचाईयां छू रहे हैं। विद्यार्थियों ने अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम किया जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि हकृवि का कृषि महाविद्यालय कृषि शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा के क्षेत्र में देश के सबसे बड़े कॉलेजों में से एक है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य कि प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। विद्यार्थियों को देश का उज्जवल भविष्य बताते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र कि प्रगति और विकास के लिए शिक्षा का प्रचार-प्रसार बहुत जरूरी है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में बीएससी एग्रीकल्चर (चार वर्ष) के 101 छात्र, बीएससी एग्रीकल्चर (छः वर्ष) 65 विद्यार्थी, बीएससी एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट के 9 विद्यार्थी, स्नातकोत्तर तथा पीएचडी के 572 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, कंप्यूटर सेक्शन, परीक्षा हॉल, सेमिनार हॉल आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच का संचालन डॉ. रीना चौहान व डॉ. शुभम लाम्बा ने किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक एवं विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 28.11.24 | 3 | 1-3 |

# अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक माहौल से विद्यार्थी हो रहे लाभांन्वित : काम्बोज

## एचएयू के कृषि महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित




विद्यार्थियों को सम्मानित करते हकृवि में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज • पीआरओ

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएससी, एमएससी, एग्रीबिजनेस तथा पीएचडी परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने पुरस्कार वितरित किए।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि हकृवि के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ पढ़ाई करके अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने यूपीएससी, एआरएस, एचसीएस, एचपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करके उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। यहां के विद्यार्थी देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी प्रदेश एवं देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इसका श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक माहौल को जाता है। हकृवि के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ समझौते होने के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर का शैक्षणिक माहौल है जिससे विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं व करियर में नित नई ऊंचाईयां छू रहे हैं। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एसके पाहुजा ने बताया कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में बीएससी एग्रीकल्चर (चार वर्ष) के 101 छात्र, बीएससी एग्रीकल्चर (छह वर्ष) 65 विद्यार्थी, बीएससी एग्रीबिजनेस मेनेजमेंट के 9 विद्यार्थी, स्नातकोत्तर तथा पीएचडी के 572 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डा. केडी शर्मा, डा. रीना चौहान, डा. शुभम लाम्बा आदि मौजूद थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 28.11.24 | 4 | 2-4 |


# हकृवि के विद्यार्थी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कर रहे हैं नाम रोशन : काम्बोज

हिसार, 27 नवंबर (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) के कृषि महाविद्यालय सभागार में बुधवार को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। इसमें बीएससी, एमएससी, एग्रीबिजनेस तथा पीएचडी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सम्मानित किया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक माहौल और शिक्षकों के मार्गदर्शन से विद्यार्थी नयी ऊंचाइयों तक पहुंच रहे हैं। हकृवि के विद्यार्थियों ने यूपीएससी, एआरएस, एचसीएस जैसी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर विश्वविद्यालय और देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय समझौतों का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की शिक्षा और अवसर मिल रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता, शिक्षक, अधिकारी, विद्यार्थी और अभिभावक मौजूद रहे।




हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। -हप्र

## 572 विद्यार्थियों को बांटे पुरस्कार

कार्यक्रम में बीएससी एग्रीकल्चर (चार व छः वर्ष), एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट, स्नातकोत्तर और पीएचडी के 572 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने बताया कि महाविद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और कंप्यूटर सेक्शन जैसी सुविधाएं विद्यार्थियों को श्रेष्ठ शिक्षा प्रदान कर रही हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 28.11.24 | 3 | 5-5 |




*विद्यार्थियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।*

# कृषि महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**हकृवि के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं : प्रो. काम्बोज**

हिसार, 27 नवम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी.एस.सी., एम.एस.सी., एग्रीबिजनैस तथा पी.एच.डी. परीक्षां में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने पुरस्कार वितरित किए।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि हकृवि के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ पढ़ाई करके अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने यू.पी.एस.सी., ए.आर.एस., एच.सी.एस., एच.पी.एस.सी. सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करके उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एस. के. पाहुजा ने बताया कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम में बी.एस.सी. एग्रीकल्चर (चार वर्ष) के 101 छात्र, बी.एस.सी. एग्रीकल्चर (6 वर्ष) 65 विद्यार्थी, बी.एससी. एग्रीबिजनैस मेनेजमैंट के 9 विद्यार्थी, स्नातकोत्तर तथा पी.एच.डी. के 572 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। मंच का संचालन डॉ. रीना चौहान व डॉ. शुभम लाम्बा ने किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक एवं विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि किरण न्यूज | 27.11.2024 | -- | -- |

Hari Kiran News

14h

विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ पढ़ाई करके अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया : प्रो. बीआर कम्बोज

-अंतरराष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक माहौल से विद्यार्थी हो रहे लाभान्वित-

-एचएयू के कृषि महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित-

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएससी, एमएससी, एग्रीबिजनेस तथा पीएचडी परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने पुरस्कार वितरित किए।

कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने बुधवार को कहा कि हकृवि के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ पढ़ाई करके अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया है।विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने यूपीएससी, एआरएस, एचसीएस, एचपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करके उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। यहां के विद्यार्थी देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी प्रदेश एवं देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इसका श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक माहौल को जाता है। हकृवि के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ समझौते होने के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर का शैक्षणिक माहौल है जिससे विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं व करियर में नित नई ऊंचाईयां छू रहे हैं। विद्यार्थियों ने अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम किया जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि हकृवि का कृषि महाविद्यालय कृषि शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा के क्षेत्र में देश के सबसे बड़े कॉलेजों में से एक है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य कि प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। विद्यार्थियों को देश का उज्जवल भविष्य बताते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र कि प्रगति और विकास के लिए शिक्षा का प्रचार-प्रसार बहुत जरूरी है।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके पाहुजा ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में बीएससी एग्रीकल्चर (चार वर्ष) के 101 छात्र, बीएससी एग्रीकल्चर (छह वर्ष) 65 विद्यार्थी, बीएससी एग्रीबिजनेस मेनेजमेंट के 9 विद्यार्थी, स्नातकोत्तर तथा पीएचडी के 572 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, कंप्यूटर सेक्शन, परीक्षा हॉल, सेमिनार हॉल आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं।

स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया। मंच का संचालन डॉ. रीना चौहान व डॉ. शुभम लांबा ने किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक एवं विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे।

@followers @top fans Chirag Times News BL News KG HR Kisan Gyan Kisan Ekta Morcha Dear Kisan Jai Kisan किसान है किसान एकता #kissan #haryana #hisar #hauhisar #brkamboj Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University, Hisar #ccsuniversity #ccshau



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 28.11.24 | 2 | 3 |

## हकृवि में पुरस्कार वितरण समारोह किया आयोजित

हिसार| एचएयू के कृषि महाविद्यालय सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएससी, एमएससी, एग्रीबिजनेस तथा पीएचडी परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि हकृवि के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ पढ़ाई करके अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी प्रदेश एवं देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इसका श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक माहौल को जाता है। हकृवि के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ समझौते होने के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर का शैक्षणिक माहौल है जिससे विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 28.11.24 | 1 | 1–4 |

# दैनिक भास्कर

**सलाह** • फसल को बीमारियों से बचाने के लिए दोपहर 3 बजे के बाद करें कीटनाशकों का छिड़काव

## सरसों की फसल में आ सकता है अल्टरनेरिया ब्लाइट, सफेद रतुआ व तनागलन रोग, समय पर पहचान कर रोकथाम करें

यशपाल सिंह | हिसार

सरसों रबी सीजन की महत्वपूर्ण फसल है। हरियाणा में सरसों मुख्य रूप से रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, हिसार, सिरसा, भिवानी व नूंह जिलों में बोई जाती है। किसान सरसों की बीमारी की समय रहते अच्छी तरह पहचान कर उनका आसानी से रोकथाम कर सकते हैं।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि अगेती व पछेती सरसों की फसल में कई प्रकार की बीमारियों का प्रकोप हो सकता है, जिनकी किसान समय से पहचान कर रोकथाम कर अधिक पैदावार ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसान फसल की बीमारियों की रोकथाम के लिए किए जाने वाले छिड़काव हमेशा सायंकाल को 3 बजे के बाद करें ताकि मधुमक्खियों को कोई नुकसान न हो, जो उपज बढ़ाने में सहायक होती हैं। तिलहन विभाग के पादप रोग विशेषज्ञ के अनुसार सरसों की फसल में कई बीमारियों का प्रकोप होने का खतरा रहता है, जिसके चलते इसकी पैदावार में कमी आ जाती है। इसलिए किसानों को फसल की अच्छी उपज हासिल करने के लिए इन बीमारियों को समय से पहचानना बहुत जरूरी है। सरसों की फसल की मुख्य बीमारियों की पहचान कर उनकी रोकथाम के लिए किसान विश्वविद्यालय द्वारा सिफारिश किए गए फफूंदनाशकों ही प्रयोग करें ताकि बीमारी का सही समय पर उचित प्रबंध हो सके।



सरसों की फसल।

### हल्की सिंचाई करें, फसल में पानी जमा न होने दें

सरसों अनुभाग में अध्यक्ष डॉ. रामअवतार ने बताया कि सरसों की अल्टरनेरिया ब्लाइट, फुलिया और सफेद रतुआ बीमारी के लक्षण नजर आते ही 600 ग्राम मैंकोजेब डाइथेन या इंडोफिल एम 45 को 250 से 300 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ की दर से 15 दिन के अंतर पर 3 से 4 बार छिड़काव करें। इसी प्रकार तना गलन रोग के लिए 2 ग्राम कार्बेन्डाजिम (बाविस्टिन) प्रति किलोग्राम बीज के हिसाब से बीज उपचार करें। जिन क्षेत्रों में तना गलन रोग का प्रकोप हर साल होता है वहां बिजाई के 45 से 50 दिन और 65 से 70 दिन के बाद कार्बेन्डाजिम का 0.1 प्रतिशत की दर से दो बार छिड़काव करें। किसान सिंचाई करते समय ध्यान रखें की हल्की सिंचाई ही करें। खेत में पानी जमा न होने दें। ज्यादा पानी लगाने से और पानी का ठहराव ज्यादा समय तक होने से मिट्टी में पैदा होने वाली फफूंद रोगों के फैलने की समस्या को देता है।

### ये हैं मुख्य बीमारी और उनके लक्षण, कृषि वैज्ञानिकों की सलाह पर करें बचाव

- **अल्टरनेरिया ब्लाइट...** अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि सरसों की फसल की यह मुख्य बीमारी है। इस बीमारी में पौधे के पत्तों व फलियों पर गोल व भूरे रंग के धब्बे बनते हैं। कुछ दिन बाद इन धब्बों का रंग काला हो जाता है और पत्ते पर गोल छल्ले दिखाए देने लगते हैं।
- **फुलिया या डाउनी मिल्ड्यू...** इस बीमारी में पत्तियों की निचली सतह पर भूरे रंग के धब्बे बन जाते हैं और धब्बों का ऊपरी भाग पीला पड़ जाता है व इन धब्बों पर चूर्ण सा बन जाता हैं।
- **सफेद रतुआ...** सरसों की इस बीमारी में पत्तियों पर सफेद और क्रीम रंग के छोटे धब्बे से प्रकट होते हैं। इससे तने व फूल बेढंग आकार के हो जाते हैं जिसे स्टैग हैड कहते हैं। यह बीमारी पछेती फसल में अधिक होती है।
- **तनागलन...** तनागलन रोग में तनों पर लंबे आकार के भूरे जल शक्ति धब्बे बनते हैं जिन पर बाद में सफेद फफूंद की तरह बन जाती है। ये लक्षण पत्तियों व टहनियों पर भी नजर आ सकते हैं तथा फूल आने या फलियां बनने पर इस रोग का अधिक आक्रमण दिखाई देता है जिससे तने टूट जाते हैं और तनों के भीतर काले रंग के पिंड बनते हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 28.11.24 | 12 | 3-5 |


# हकृवि के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं : प्रो. बीआर काम्बोज

- एचएयू के कृषि महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कुलपति प्रो . बीआर काम्बोज विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएससी, एमएससी, एग्रीबिजनेस तथा पीएचडी परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने पुरस्कार वितरित किए।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बुधवार को कहा कि हकृवि के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ पढ़ाई करके अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया है।विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने यूपीएससी, एआरएस, एचसीएस, एचपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करके उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। यहां के विद्यार्थी देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी प्रदेश एवं देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इसका श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक माहौल को जाता है। हकृवि के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ समझौते होने के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर का शैक्षणिक माहौल है जिससे विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं व करियर में नित नई ऊंचाईयां छू रहे हैं।